कार्यालय : मण्डलीय अपर निदेशक (माध्यमिक शिक्षा) कुमाऊँ मण्डल नैनीताल

विज्ञप्ति

उत्तराखण्ड अधीनस्थ शिक्षा (प्रशिक्षित स्नातक श्रेणी) सेवा नियमावली–2014 में निहित प्राविधानों तहत सचिव उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद रूड़की के विज्ञापन संख्या–5600 / उप्राशिप / एल0टी0 भर्ती / 2014 दिनांक 23–02–2014 के क्रम में सचिव उत्तराखण्ड प्राविधिक शिक्षा परिषद रूड़की के विज्ञापन संख्या–7109 / उप्राशिप / एल0टी0भ0च0प / 2016–17 दिनांक 02–05–2016 एवं सचिव प्राविधिक शिक्षा परिषद के पत्रांक / 7132 दिनांक 4–5–2016 द्वारा प्राप्त चयन सूची के सापेक्ष कुमाऊँ मण्डल हेतु चयनित अभ्यर्थियों को नीचे दिये गये विवरणानुसार रा0बा0इ0का0 नैनीताल में काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित किया जाता है।

अतः उक्त अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि वे अपने समस्त मूल प्रमाण पत्रों सहित निर्धारित तिथि को काउंसिलिंग स्थल पर उपस्थित होना सुनिश्चित करें। काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों को सूचित किया जाता है कि काउंसिलिंग की तिथि को प्रातः 8.30 बजे से 09.30 बजे तक पंजीकरण कराया जायेगा। नियत समय पर काउंसिलिंग स्थल / काउंसिलिंग समिति के सम्मुख उपस्थित न होने की दशा में सम्बन्धित शिक्षक को सम्बन्धित विषय में काउंसिलिंग पूर्ण होने के उपरान्त अवशेष रिक्त पदों पर ही विकल्प प्रस्तुत करने का अवसर दिया जायेगा। साथ ही समस्त अभ्यर्थियों को यह भी सूचित किया जाता है कि प्रमाण पत्रों की पूर्ण रूप से जांचोपरान्त सभी अर्हता पूर्ण करने वाले अभ्यर्थियों को ही नियुक्ति प्रदान की जायेगी।

चयनित अभ्यर्थियों को यह भी अवगत कराया जाता है काउंसिलिंग की तिथि को वाई श्रेत्री में उपलब्ध रिक्त पदों के सापेक्ष ही चयनित अभ्यर्थियों को विद्यालय आवंटित किये जायेंगे। वाई श्रेणी में पद समाप्त होने पर सम्बन्धित तिथि को चयनित अभ्यर्थियों को विद्यालय आवंटित न करते हुए पुनः वाई श्रेणी में पद रिक्त होने पर ही विद्यालय आवंटित किये जायेंगे। किन्तु उक्त तिथि को सम्बन्धित अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों की जांच कर ली जायेगी। काउंसिलिंग हेतु निर्धारित तिथि एवं स्थल का विषयवार विवरण निम्नवत् है–

क्र. स.	विषय का नाम	काउंसिलिंग हेतु आमंत्रित अभ्यर्थियों का विवरण	स्क्रीनिंग / काउंसिलिंग की तिथि	काउंसिलिंग हेतु नियत स्थान
01	02	03	04	05
01	अंग्रेजी–महिला तथा सामान्य शाखा–10 प्रतिशत अंग्रेजी–महिला तथा सामान्य शाखा–60 प्रतिशत	कुमाऊँ मण्डल हेतु चयिनित समस्त अभ्यर्थी।	दिनांक 16 मई, 2016	रा0बा0इ0का0 नैनीताल
02	गणित–महिला तथा सामान्य शाखा–10 प्रतिशत गणित–महिला तथा सामान्य शाखा–60 प्रतिशत	कुमाऊँ मण्डल हेतु चयिनित समस्त अभ्यर्थी।	दिनांक 18 मई, 2016	
03	व्यायाम–महिला तथा सामान्य शाखा–10 प्रतिशत व्यायाम–महिला तथा सामान्य शाखा–60 प्रतिशत	कुमाऊँ मण्डल हेतु चयिनित समस्त अभ्यर्थी।	दिनांक 20 मई, 2016	
04	हिन्दी–महिला शाखा–10 एवं 60 प्रतिशत गृहविज्ञान–महिला शाखा–10 एवं 60 प्रतिशत	कुमाऊँ मण्डल हेतु चयिनित समस्त अभ्यर्थी।	दिनांक 22 मई, 2016	

(श्रीमती सुषमा सिंह)
मण्डलीय अपर निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)
कुमाऊँ मण्डल नैनीताल

पृ0सं0 / सेवाएं–3क(2) / अराज0 / 220-22 / 2016–17 दिनांक 10 मई, 2016

प्रतिलिपि प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एंव आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

01–निदेशक माध्यमिक शिक्षा उत्तराखण्ड देहरादून।

02–सम्पादक अमर उजाला / उत्तर उजाला को इस आशय के साथ कि उक्त विज्ञप्ति को अपने दैनिक समाचार पत्र में उत्तराखण्ड संस्करण में न्यूनतम दरों में प्रकाशित करते हुए बिल दो प्रतियों में इस कार्यालय को उपलब्ध कराने का कष्ट करें।

मण्डलीय अपर निदेशक (माध्यमिक शिक्षा)
कुमाऊँ मण्डल नैनीताल